**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**
**शनिवार 14.12.2024**

**मुख्य समाचार :–**

- **देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में आज आयोजित पासिंग आउट परेड में देश को 456 युवा सैन्य अधिकारी मिले।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की।**
- **शासन ने आगामी नगर निकाय चुनाव के पदों के लिए आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना जारी की।**
- **राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने उद्योग जगत से उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की अपील की।**
- **प्रदेश में शीतकालीन यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह।**

**आईएमए पीओपी**

भारतीय सेना को आज 456 नए सैन्य अधिकारी मिले हैं। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी– आई.एम.ए. में आयोजित पासिंग आउट परेड में इन अधिकारियों ने अंतिम कदम बढ़ाते हुए भारतीय सेना का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त किया। ऐतिहासिक चेटवुड बिल्डिंग के ड्रिल स्क्वायर पर आयोजित इस परेड की सलामी नेपाल के सेना प्रमुख, जनरल अशोक राज सिगडेल ने ली। इस अवसर पर जैंटलमैन कैडेट जतिन कुमार को प्रतिष्ठित स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस परेड में कुल 491 जैंटलमैन कैडेट्स ने पास आउट हुए, जिनमें 35 कैडेट्स मित्र राष्ट्रों से हैं। ऑर्डर ऑफ मेरिट में पहले स्थान पर रहे जैंटलमैन कैडेट प्रथम सिंह को स्वर्ण पदक, दूसरे स्थान पर रहे जतिन कुमार को रजत पदक और तीसरे स्थान पर रहे मयंक ध्यानी को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। आकाशवाणी से बात करते हुए उत्तरकाशी निवासी लेफ्टिनेंट प्रतीक सिंह बिष्ट ने कहा कि चार साल की कड़ी मेहनत के बाद आज वे सेना का अभिन्न अंग बन गए हैं।

**अधिसूचना**

शासन ने आगामी नगर निकाय चुनाव के पदों के लिए आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना जारी कर दी है। शहरी विकास निदेशालय की और से महापौर व अध्यक्ष पदों पर आरक्षण का प्रस्ताव तैयार किया गया। नगर निगम की 11 सीटों में देहरादून समेत 5 सीटें अनारक्षित हैं। वहीं हरिद्वार समेत 4 सीटे महिला आरक्षित हैं। हरिद्वार सीट अन्य पिछड़ी जाति महिला के लिए आरक्षित की गई है, जबकि रूड़की, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा सीट महिलाओं के लिए आरक्षित की गयी हैं। ऋषिकेश नगर निगम सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। उधर, हल्द्वानी नगर निगम सीट को अन्य पिछड़ी जाती के लिए आरक्षित रखा गया है।

**राष्ट्रीय सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। 3 दिवसीय सम्मेलन कल शुरू हुआ था। इसमें राज्यों के साथ साझेदारी में एक साझा विकास एजेंडा और सुसंगत कार्रवाई का प्रारूप तैयार करने और उसे लागू करने पर ध्यान दिया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य सहकारी संघवाद पर ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को और मजबूत करना और तेज वृद्धि और विकास हासिल करने के लिए बेहतर सहयोग सुनिश्चित करना है। पहला सम्मेलन जून 2022 में

धर्मशाला में और दूसरा सम्मेलन नई दिल्ली में जनवरी 2023 में तथा तीसरा सम्मेलन पिछले वर्ष दिसम्बर में नई दिल्ली में हुआ था। सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुडे विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

**भारतीय मानक ब्यूरो**

राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने उद्योग जगत से अपील की है कि वे उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। हरिद्वार के रुड़की में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित उद्योग जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बंसल ने उद्योगों में मानकीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में बीआईएस के निदेशक सौरभ तिवारी ने लघु उद्योगों को मानकीकृत करने के लिए सभी इंडस्ट्री एसोसिएशन से सहयोग की अपील की।

**भीतकालीन यात्रा**

प्रदेश में शीतकालीन यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय थपलियाल ने बताया कि अब तक 3 हजार से अधिक श्रद्धालु शीतकालीन धामों के दर्शन कर चुके हैं। सर्वाधिक 2 हजार 2 सौ 30 से अधिक श्रद्धालुओं ने उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चन की। वहीं, जोशीमठ स्थित श्री नृसिंह मंदिर में 1 हजार 68 भक्त और 65 तीर्थयात्री योग बदरी पांडुकेश्वर में दर्शन कर चुके हैं। आठ दिसंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ धाम के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से चारधाम शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ किया। जिसके बाद से शीतकालीन यात्रा जारी है।

**वनाग्नि**

पौड़ी गढ़वाल के जंगलों को वनाग्नि से बचाने के लिए 31 करोड़ की लागत से प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में जनसहभागिता शीतलाखेत मॉडल और ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। वनों की आग पर नियंत्रण के लिए बनाए जा रहे प्रोजेक्ट को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने दूसरे देशों में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल की जरूरत पर जोर दिया।

**बहुउद्देशीय शिविर**

बागेश्वर के कन्यालीकोट में जिला प्रशासन ने जनसामान्य की समस्याओं के समाधान के लिए बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया। शिविर में सबसे ज्यादा समस्याएं और शिकायतें बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास, सिंचाई नहर और सड़क से संबंधित आईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह के भीतर समाधान के निर्देश दिए। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों की शिकायतों का समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

**राश्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस**

आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर स्कूली छात्र–छात्राओं ने टिहरी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में रैली निकालकर लोगों को ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूक किया। आकाशवाणी से बातचीत में छात्रा काजल राणा ने देश को ऊर्जा के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर लाने के लिए एकीकृत प्रयासों की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को प्रयास करने होंगे।

**भगवान लाटू मंदिर**

चमोली जिले के देवाल के वाण गांव में स्थित राजराजेश्वर नंदा के धर्म भाई और क्षेत्र के अराध्य भगवान लाटू मंदिर के कपाट आज शीतकाल के लिए बंद किए गए। इस मौके पर सैकड़ों भक्तों ने ढोल–नगाड़ों और पंच स्वरों के साथ देवता के जयकारे लगाए। कपाट बंद होने से पूर्व मंदिर के पूजारी खीम सिंह और प्रताप सिंह ने लाटू मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया और भगवान लाटू का जलाभिषेक कर पूजा–अर्चना की। मंदिर के कपाट अब बैशाख पूर्णिमा को खुलेंगे।

**भारत दर्शन**

भारत दर्शन–शैक्षिक भ्रमण कर आए छात्र–छात्राओं ने राज्यपाल गुरमीत सिंह से देहरादून के राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने अपने अनुभवों को राज्यपाल से साझा किया। बीते नौ दिसंबर को हाईस्कूल परीक्षा के टॉपर 157 छात्र–छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली के प्रमुख शैक्षिक और तकनीकी संस्थानों के साथ–साथ ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया।